सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 16 जुलाई, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को आंगनवाड़ी केंद्र कोटी भानियावाला, देहरादून में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा आयोजित ''हरेला महोत्सव–एक पेड़ मां के नाम'' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर अपनी माताजी स्वर्गीय श्रीमती कंस कौर जी के नाम पर रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर इस परिसर में कुल 100 पौधे का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हम सब मिलकर इस त्योहार को, पर्यावरण के साथ अपने जुड़ाव को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। राज्यपाल ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर माताओं को समर्पित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन आंदोलन में बदलने का प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान शिव के प्रिय श्रावण मास में मनाए जाने वाले हरेला पर्व का विशेष महत्व है। उन्होंने देवभूमि की सांस्कृतिक धरोहर एवं परंपरा के प्रतीक 'हरेला' पर्व पर भगवान बद्री विशाल व बाबा केदारनाथ से सभी देश वासियों के जीवन में उत्तम स्वास्थ्य, सुख व समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति का संतुलन बनाए रखने का पर्व 'हरेला' मानव और पर्यावरण के अंतर–संबंधों का अनूठा पर्व है। राज्यपाल ने कहा कि यह पर्व एक–दूसरे की उन्नति, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना का प्रतीक है।

राज्यपाल ने कहा कि हरेला लोक पर्व का उद्देश्य लोगों को प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण उत्तराखंड की संस्कृति में रहा है, इसलिए प्रतिवर्ष पौधे लगाना पर्यावरण की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पर्व प्रकृति द्वारा हमें प्रदान की गई चीजों का जश्न मनाने का एक तरीका भी है। उन्होंने वृक्षारोपण के उपरांत नवरोपित पौधों के संरक्षण हेतु विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को सुझाव देते हुए कहा कि दूसरे व्यक्तियों से भेंट के दौरान बुके की जगह पर उपहार स्वरुप पौधा भेंट करें तो इससे निश्चित ही उत्तराखण्ड में हरियाली अभियान को व्यापकता मिलेगी।

इस अवसर पर महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि इस वर्ष हरेला पर्व के अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 35 हजार पौधा रोपण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार संस्कृति, विरासत और पारंपरिक त्योहारों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष जोर दे रही है। कार्यक्रम में सचिव, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास श्री चन्द्रेश यादव, आंगनवाड़ी केंद्र के कार्यकर्तियां एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

............0............